नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **22**

# S-08-Social Science

No. of Printed Pages – **14 + Map**

## माध्यमिक परीक्षा, 2024
## SECONDARY EXAMINATION, 2024
## सामाजिक विज्ञान
## SOCIAL SCIENCE

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(6) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।

Write down the serial number of the question before attempting it.

(7) प्रश्न संख्या **22** मानचित्र कार्य से संबंधित है और **4** अंक का है ।

Question No. **22** is related to map-work carrying **4** marks.

(8) प्रश्न संख्या **16** से **22** तक में आंतरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Question Nos. **16** to **22**.

**खण्ड – अ**

**Section – A**

वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

Objective Type Questions :

1. निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :

Select the correct answer of the following questions and write in the answer-book :

(i) 1871 में राजा विलियम प्रथम को किस देश का सम्राट घोषित किया गया ?

(अ) इटली (ब) फ्रांस

(स) जर्मनी (द) अमेरिका

King William I was declared the emperor of which country in 1871 ?

(A) Italy (B) France

(C) Germany (D) America **1**

(ii) द्वितीय विश्वयुद्ध कितने वर्षों तक चला था ?

(अ) दो (ब) चार

(स) छह (द) आठ

How many years did the Second World War last ?

(A) Two (B) Four

(C) Six (D) Eight **1**

(iii) बंगाल में देश की पहली जूट मिल किस वर्ष प्रारम्भ हुई ?

(अ) 1855 (ब) 1860

(स) 1862 (द) 1872

In which year was the country's first Jute mill started in Bengal ?

(A) 1855 (B) 1860

(C) 1862 (D) 1872 **1**

(iv) भारत में सर्वप्रथम प्रिंटिंग प्रेस कहाँ स्थापित की गई ?

(अ) महाराष्ट्र (ब) बंगाल

(स) बिहार (द) गोवा

Where was the first printing press established in India ?

(A) Maharashtra (B) Bengal

(C) Bihar (D) Goa **1**

(v) कृषि वर्ष में एक से अधिक बार बोया गया क्षेत्र

(अ) सकल कृषित क्षेत्र (ब) शुद्ध बोया क्षेत्र

(स) परती भूमि (द) चरागाह

Area sown more than once in agriculture year

(A) Gross cropped area (B) Net sown area

(C) Fallow lands (D) Pastures **1**

(vi) विश्व की लगभग कितनी प्रतिशत जैव-विविधता भारत में पाई जाती है ?

(अ) 7% (ब) 8%

(स) 9% (द) 10%

Approximately what percentage of the world's bio-diversity is found in India ?

(A) 7% (B) 8%

(C) 9% (D) 10% **1**

(vii) निम्न में से कौन सा उद्योग चूना-पत्थर, सिलिका और जिप्सम को कच्चे माल के रूप में प्रयुक्त करता है ?

(अ) एल्यूमिनियम (ब) प्लास्टिक

(स) सीमेंट (द) मोटरगाड़ी

Which one of the following industries uses limestone, silica and gypsum as a raw material ?

(A) Aluminium (B) Plastic

(C) Cement (D) Automobile **1**

(viii) वायु परिवहन का राष्ट्रीयकरण किया गया –

(अ) 1983 (ब) 1973

(स) 1963 (द) 1953

The air transport was nationalised in

(A) 1983 (B) 1973

(C) 1963 (D) 1953 **1**

(ix) 'सामुदायिक सरकार' की व्यवस्था किस देश में की गई ?

(अ) भारत (ब) बेल्जियम

(स) श्रीलंका (द) जर्मनी

In which country was the system of 'Community Government' established ?

(A) India (B) Belgium

(C) Sri Lanka (D) Germany **1**

(x) भारतीय संविधान में 'कम्प्यूटर सॉफ़्टवेयर' निम्न में से किस विकल्प में आता है ?

(अ) संघ सूची (ब) राज्य सूची

(स) समवर्ती सूची (द) अवशिष्ट विषय (बाकी बचे)

Computer software comes under which of the following options in Indian Constitution ?

(A) The Union List

(B) The State List

(C) The Concurrent List

(D) Residual Subject (The remaining one) **1**

(xi) 'जाति' को समुदाय का मुख्य आधार मानने वाला व्यक्ति कहलाता है –

(अ) धर्मनिरपेक्ष (ब) जातिवादी

(स) साम्प्रदायिक (द) नारीवादी

A person who considers 'caste' as the main basis of community, is called

(A) Secularist (B) Castiest

(C) Communalist (D) Feminist 1

(xii) निम्नलिखित में से कौन सा लोकतंत्र से बेहतर शासन है ?

(अ) राजतंत्र (ब) अधिनायकतंत्र

(स) सैनिक शासन (द) इनमें से कोई नहीं

Which of the following is better governance than democracy ?

(A) Monarchy (B) Dictatorship

(C) Military rule (D) None of these 1

(xiii) निम्न में से कौन सी एक असंगठित क्षेत्रक से संबंधित गतिविधि है ?

(अ) विद्यालय में शिक्षक (ब) कारखाने में श्रमिक

(स) अस्पताल में डॉक्टर (द) दैनिक मजदूरी वाला श्रमिक

Which one of the following is an unorganized sector related activity ?

(A) Teacher in school (B) Factory worker

(C) Doctor in hospital (D) Daily wages labour 1

(xiv) भारत में करेंसी नोट जारी करने वाली संस्था है –

(अ) भारतीय रिज़र्व बैंक (ब) केन्द्र सरकार

(स) स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (द) शेयर बाज़ार

Institution issuing currency note in India is

(A) Reserve Bank of India (B) Central Government

(C) State Bank of India (D) Share Market 1

(xv) व्यापार अवरोधक के रूप में कर आरोपित किया जाता है

(अ) निर्यात पर (ब) आयात पर

(स) पूँजी निवेश पर (द) सहायिका पर

As a trade barrier tax is imposed

(A) on Export (B) on Import

(C) on Capital Investment (D) on Subsidy **1**

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

Fill in the blanks :

(i) अफ्रीका में 1890 के दशक में ________ नामक बीमारी बहुत तेज़ी से फैल गई ।

A disease called _________ spread very rapidly in Africa in the 1890s. **1**

(ii) मशीन उद्योग के युग से पहले अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा बाज़ार में भारत के रेशमी और __________ उत्पादों का ही दबदबा रहता था ।

Before the age of machine industries, silk and _________ goods from India dominated the international market in textiles. **1**

(iii) खादीन राजस्थान के _________ जिले में पाए जाते हैं ।

Khadins are found in _________ district of Rajasthan. **1**

(iv) बेल्जियम की राजधानी _________ है ।

The capital of Belgium is _________. **1**

(v) श्रीलंका में _______ को राजकीय धर्म के रूप में अंगीकार किया गया है ।

_________ has been adopted as the state religion in Sri Lanka. **1**

(vi) तृतीयक क्षेत्रक को _________ भी कहा जाता है ।

Tertiary sector is also called _________. **1**

(vii) बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किये गए निवेश को __________ कहते हैं ।

Investment by the multinational corporations is called _________. **1**

3. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न : निम्न प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द अथवा **एक** पंक्ति में दीजिए ।

Very Short Answer Type Questions : Answer the following questions in **one** word or in **one** line.

(i) सुलेखन किसे कहते हैं ?

What is calligraphy ? **1**

(ii) रोमन कैथलिक चर्च की कुरीतियों की आलोचना करते हुए किस धर्म सुधारक ने अपनी पंचानबे स्थापनाएँ लिखीं ?

Which religious reformer wrote his Ninety five theses criticizing many of the practices and rituals of the Roman Catholic Church ? **1**

(iii) रशसुन्दरी देबी ने 'आमार जीबन' नामक अपनी आत्मकथा किस भाषा में लिखी ?

In which language did Rashsundari Debi write her autobiography titled 'Amar Jiban' ? **1**

(iv) जैव-विविधता क्या है ?

What is bio-diversity ? **1**

(v) जल प्रदूषण के मुख्य कारण क्या हैं ? (कोई दो)

What are the main causes of water pollution ? (Any two) **½ + ½ = 1**

(vi) श्रीलंका में 1956 में किस भाषा को राजभाषा घोषित किया गया ?

Which language was declared the official language of Sri Lanka in 1956 ? **1**

(vii) उन देशों के नाम लिखिये जिनकी सीमाएँ बेल्जियम से मिलती हैं । (कोई एक)

Write the name of the countries whose borders share with Belgium. (any one) **1**

(viii) भारत में भूगोल, संस्कृति अथवा जातीयताओं के आधार पर भी राज्यों का गठन किया गया है । कोई एक उदाहरण दीजिए ।

In India, states have also been formed on the basis of geography, culture or ethnicity. Give any one example. **1**

(ix) संगठित क्षेत्रक में रोज़गार की अवधि कैसी होती है ?

How are the terms of employment in organised sector ? **1**

(x) वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित करने वाला प्रमुख कारक कौन सा है ?

Which is the main factor to stimulate the globalisation process ? **1**

## खण्ड – ब

## Section – B

लघूत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **50** शब्द)

Short Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **50** words)

4. प्रथम विश्वयुद्ध के कोई दो परिणाम बताइए ।

Mention any two results of the First World War. **1 + 1 = 2**

5. औद्योगीकरण किसे कहते हैं ?

What is Industrialization ? **2**

6. मृदा निर्माण की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

Describe the process of soil formation. **2**

7. सिंचाई ने किस प्रकार फसल प्रारूप, मृदा एवं सामाजिक परिदृश्यों को परिवर्तित कर दिया ?

How did irrigation change cropping patterns, soils and social landscapes ? **2**

8. जनसंचार के प्रासंगिक माध्यम कौन–कौन से हैं ?

What are the relevant mediums of mass communication ? **2**

9. आपके मतानुसार संघीय शासन की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ कौन सी हैं ? संक्षेप में लिखिए।

According to you, what are the two main features of federal government ? Write in brief. **2**

10. भारत में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभावों के कोई दो रूप स्पष्ट कीजिए।

Explain any two forms of discrimination against women in India. **2**

11. 'राजनीतिक दलों के समक्ष वंशवाद एक बड़ी चुनौती है।' इस कथन पर अपना मत स्पष्ट कीजिए।

'Dynasty is a big challenge before political parties.' Explain your opinion on this statement. **2**

12. लोकतंत्र में सामाजिक विविधताओं के सामंजस्य हेतु किन शर्तों को पूरा किया जाना आवश्यक है ? किन्हीं दो शर्तों को स्पष्ट कीजिए।

What conditions are necessary to be fulfilled for accommodation of social diversities in democracy ? Explain any two conditions. **2**

13. शिशु मृत्यु दर से आप क्या समझते हैं ?

What do you understand by Infant Mortality Rate ? **2**

14. विश्व व्यापार संगठन के कोई दो प्रमुख कार्य लिखिए ।

Write any two main functions of World Trade Organisation. **1 + 1 = 2**

15. उपभोक्ता जागरूकता के कोई दो उपाय लिखिए ।

Write any two measures of Consumer Awareness. **1 + 1 = 2**

## खण्ड – स

## Section – C

दीर्घ–उत्तरीय प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **100** शब्द)

Long Answer Type Questions : (Answer word limit approx. **100** words)

16. नेपोलियन की संहिता का संक्षिप्त वर्णन कीजिए ।

Briefly describe Napoleon's code. **3**

**अथवा/OR**

उदारवादी राष्ट्रवाद के क्या मायने थे ? समझाइए ।

What did Liberal Nationalism stand for ? Explain. **3**

17. भारत में कृषि विकास के प्रौद्योगिकी एवं संस्थागत सुधारों का वर्णन कीजिए।

Describe the technological and institutional reforms of agricultural development in India. **3**

**अथवा/OR**

भारत में शस्य-प्रारूप का वर्णन कीजिए।

Describe the cropping pattern in India. **3**

18. भारत में राजनीतिक दलों में सुधार हेतु क्या प्रयास किये गये हैं ? किन्हीं तीन सुधारों की विवेचना कीजिए।

What efforts have been made to reform political parties in India ? Explain any three reforms. **3**

**अथवा/OR**

लोकतन्त्र में राजनीतिक दलों की आवश्यकता क्यों है ? किन्हीं तीन कारणों की विवेचना कीजिए।

Why are political parties needed in democracy ? Discuss any three reasons. **3**

19. आप विभिन्न क्षेत्रकों से उत्पादित वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य की गणना कैसे करेंगे ? उचित उदाहरण की सहायता से समझाइए।

How will you calculate the value of goods and services produced from different sectors ? Explain with the help of suitable example. **3**

**अथवा/OR**

आपके मतानुसार अतिरिक्त रोज़गार का सृजन कैसे किया जा सकता है ?

How more employment can be created according to you ? **3**

## खण्ड – द

## Section – D

निबन्धात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग **250** शब्द)

Essay Type Questions : (Answer word limit approx. **250** words)

20. भारत छोड़ो आंदोलन का विस्तार से वर्णन कीजिए ।

Describe the Quit India Movement in detail. **4**

**अथवा/OR**

शहरों में असहयोग आंदोलन किस प्रकार फैला ? समझाइए ।

How did the Non-Cooperation Movement spread in the towns ? Explain. **4**

21. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(1) स्वयं सहायता समूह

(2) चेक की सुविधा

Write a note on the following : **2 + 2 = 4**

(1) Self Help Group

(2) Cheque facility

**अथवा/OR**

बैंकों की ऋण संबंधी गतिविधियों पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए ।

Write a short note on loan related activities of banks. **4**

22. प्रश्न का उत्तर दिये गये मानचित्र में दीजिए :

Write the answer in the given map :

दिये गये भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित तापीय ऊर्जा संयंत्रों को अंकित कीजिए :

(अ) नासिक (ब) विजयवाड़ा

(स) बरौनी (द) बोंगईगाँव

Mark the following Thermal Power Plants in the given Outline Map of India :

(A) Nashik (B) Vijayawada

(C) Barauni (D) Bongaigaon **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

**अथवा/OR**

दिये गये भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित तापीय ऊर्जा संयंत्रों को अंकित कीजिए :

(अ) गाँधीनगर (ब) रामागुंडम

(स) अमरकंटक (द) नामरूप

Mark the following Thermal Power Plants in the given Outline Map of India :

(A) Gandhinagar (B) Ramagundam


(C) Amarkantak (D) Namrup **1 + 1 + 1 + 1 = 4**

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

**S-08-Social Science**

# माध्यमिक परीक्षा, 2024
# SECONDARY EXAMINATION, 2024
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here

DO NOT WRITE ANYTHING HERE